मेरा चाँद

उसके बारे में तुम्हें क्या बताऊँ, वो इस दुनिया में सबसे हंसी है।
कोई देखे तो भूल ही न पाए उसको, उसके चेहरे में वो सादगी है।।
उसकी आँखे जिनमें कोई देखे, तो एक दूसरे ही जहाँ में चला जाए।
जहाँ ख्वाब पूरे हो जाएं सारे, जहाँ बस प्यार ही प्यार नजर आए।।
वो मुस्कराए तो मानो इक हवा का झोंका, सारी उदासी को ले जाए।
उसके चेहरे पर पड़ी जुल्फ मानो, बादलों के पीछे है चाँद छिप जाए।।
वो बोले तो मानो कूके कोयल, बिन बादल के ही बरसात हो जाए।
उसका दिल जैसे एक आईना, जिसमें देखें तो सब साफ नजर आए।।
और कहूँ क्या, वो जब जाए दूर तो मानो सूरज दिन में ढ़ल जाए।
जाए जहाँ भी वो, वो जमीं वो आसमां, उसकी खुशबु से महक जाए।।
वो न है ख्वाब, वो है हकीकत, वो न है परी, वो है इसी जमीं पर।
खुदा ने तराशा हो मानो खुद उसे, खुदा को भी होगा नाज उस पर।।